हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(चौदहवां सत्र)

लिखित उत्तर हेतु प्रश्न

बुधवार, 15 मार्च, 2017/ 24 फाल्गुन, 1938 (शक्)

[**सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - वन मंत्री - शहरी विकास मंत्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री तथा सहकारिता मंत्री**].

कुल प्रश्न - 10

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का उन्नयन

1624 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू)ः**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में जिला कुल्लू में कितने औषधालय स्तरोन्नत कर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बनाए गए तथा इनको स्तरोन्नत करने के क्या मापदण्ड हैं;

(ख) सरकार द्वारा स्तरोन्नत किए गए सभी औषधालय क्या मापदण्ड पूर्ण करते थे; यदि नहीं, तो कहां-कहां मापदण्डों की अनदेखी कर सरकार ने किस-किस स्थान पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की स्थापना की; और

(ग) यह सत्य है कि खराहल क्षेत्र की जनता एवं जन प्रतिनिधियों ने किंजा नामक स्थान में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बनाने की मांग की है; यदि हां, तो कब तक इसकी स्थापना की जाएगी?

स्वीकृत योजनाएं

1625 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू)ः**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) गत चार वर्षों में सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा विधायक प्राथमिकता की कौन-कौन सी योजनाएं वित्त पोषण हेतु नाबार्ड के अन्तर्गत केन्द्र सरकार को भेजी गईं;

(ख) इनमें कौन-कौन सी स्वीकृत हो गई हैं तथा कौन-कौन सी योजनाएं सभी औपचारिकताएं पूर्ण कर नाबार्ड कार्यालय में स्वीकृति हेतु लम्बित पड़ी हैं; और

(ग) कौन सी योजनाएं ऐसी हैं जो औपचारिकताएं पूर्ण न होने के फलस्वरूप विभिन्न कार्यालयों में विचाराधीन हैं; ब्यौरा दें?

वृक्षों को बीमारी

1626 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू)**:

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि सरकार ने कोई सर्वेक्षण करवाया है कि प्रदेश के अनेकों जंगलों और ढालपुर मैदान कुल्लू व जलोड़ी जोत में देवदार और अन्य किस्म की इमारती लकड़ी के वृक्षों को बीमारी लगी है कि वे चोटी से नीचे जड़ की ओर सूख रहे हैं; और

(ख) यदि हां, तो इनके सूखने के क्या कारण हैं और सरकार द्वारा इस बीमारी की रोकथाम हेतु क्या पग उठाए जा रहे हैं?

ट्रांसफार्मर/सब-स्टेशन

1627 **श्री रवि ठाकुर (लाहौल और स्पिति)**:

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-
(क) यह सत्य है कि गत एक वर्ष से अत्यधिक उठाऊ पेयजल/सिंचाई योजनाएं प्रदेश में बिजली के ट्रांसफार्मर खराब/चोरी होने के कारण बंद पड़ी हैं; यदि हां, तो ये योजनाएं कब से बंद पड़ी हैं; ब्यौरा खराब/चोरी हुए ट्रांसफार्मर का मण्डलवार दें; और

(ख) सरकार द्वारा इनको ठीक करने या नए स्थापित करने हेतु क्या पग उठाए गए हैं; ब्यौरा दें?

पाइपों को बदलना

1628 **श्री हंस राज (चुराह)**:

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-
(क) चुराह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत जुनास में पाइप लाइनें बहुत पुरानी हो चुकी हैं; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार पाइपों को बदलने का विचार रखती है?

स्वास्थ्य कैम्प

1629 **श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्ष 2014 से 2016 तक चुराह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितने सरकारी स्वास्थ्य कैम्प लगाए गए; ब्यौरा दें; और

(ख) इन कैम्पों में कितने रोगियों का उपचार किया गया तथा कितनों को दवाइयां उपलब्ध करवाई गईं; ब्यौरा दें?

बागवानों को प्रोत्साहन

1630 **श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) वर्तमान में सरकार चुराह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में बागवानों को प्रोत्साहन देने के लिए क्या प्रयास कर रही है; ब्यौरा दें; और

(ख) यह सत्य है कि इस निर्वाचन क्षेत्र में सेब के पौधों को चुराह की नर्सरियों से न लेकर बाहर से क्रय किया जा रहा है; यदि हां, तो ब्यौरा कारण सहित दें?

धन की अदायगी

1631 **श्री गुलाब सिंह ठाकुर (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) दिनांक 01 जनवरी, 2013 से 31 दिसम्बर, 2015 तक सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मण्डल पालमपुर के अन्तर्गत हैंडपम्पों को क्रियाशील करने हेतु विद्युत मीटरों को लगाने के दिए गए ठेके में किन-किन ठेकेदारों को कार्य पूर्ण होने पर भी धन की अदायगी नहीं की गई है; और

(ख) इन ठेकेदारों की कितनी-कितनी अदायगी शेष है; ब्यौरा ठेकेदारों के नाम पते सहित दें?

Red Cross Society

1632 **Sh. Virender Kanwar (Kutlehar):**

Will the **Health & Family Welfare Minister** be pleased to state that:-

(a) during the last 4 years how much amount has been received by the

District Red Cross Society, in Kangra Division; what is its source;

(b) out of these how much amount were paid to victims; details of applications date-wise be given; and

(c) what is criteria for grant of such financial assistance?

प्राकृतिक आपदा

1633 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत चार वर्षों में भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में प्राकृतिक आपदा के अन्तर्गत (National Calamity fund) विभिन्न विभागों व लोगों को कितनी-कितनी धनराशि दी गई; ब्यौरा वर्षवार, नाम व पते सहित दें?

शिमलाः 171004. **सुन्दर सिंह वर्मा,**
दिनांकः 27 फरवरी, 2017. **सचिव।**